CCE-II-RR/PF(A)/888/4010

**A**

**ಜೂನ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ - 2**
**JUNE 2024 EXAMINATION - 2**

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]
Total No. of Questions : 38 ]

**CCE RR/PF**
**FULL SYLLABUS**

Question Paper Serial No.

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 60-H**
**Code No. : 60-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ (NCERT)
# Subject : Third Language — HINDI (NCERT)

**( ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ )**
**( Regular Repeater / Private Fresh )**

ದಿನಾಂಕ : 15. 06. 2024 ] [ Date : 15. 06. 2024
ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-15 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-15 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-15 A.M. to 1-15 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

**Cut here / ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय **आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग** को काटकर खोलें **(तीर का अनुसरण करें)। प्रश्नपत्र खोलने के लिए बायें भाग को न काटें।** जाँच करें कि प्रश्नपत्र के सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं।
6. आप यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दिए गए प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) और आपके प्रवेशपत्र में मुद्रित प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) एक ही हो।

**15. 06. 2024**

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 × 1 = 8**

1. निम्न में से एकवचन रूपी शब्द है –

(A) खिड़कियाँ (B) घोड़े

(C) चींटी (D) लड़के

2. 'उपस्थिति' शब्द का विलोम शब्द है –

(A) हाजिर (B) अनुपस्थिति

(C) तैयार (D) अनानुकूल

3. 'उम्मीद' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) आज़ादी (B) शासन

(C) सफलता (D) भरोसा

4. निम्न में से प्रत्यययुक्त शब्द है –

(A) प्रायोगिक (B) अज्ञात

(C) दुर्घटना (D) नापसंद

5. तताँरा को देखकर वह फूटकर रोने लगी।

उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) प्रश्नवाचक (B) योजक

(C) अर्धविराम (D) पूर्ण विराम

6. 'राष्ट्रपति' शब्द इस समास का उदाहरण है –

(A) तत्पुरुष समास (B) कर्मधारय समास

(C) अव्ययीभाव समास (D) द्विगु समास

7. 'विद्यार्थी' शब्द इस संधि का उदाहरण है –

(A) विसर्ग संधि (B) गुण संधि

(C) वृद्धि संधि (D) दीर्घ संधि

8. कबूतर परेशानी ............ इधर–उधर फड़फड़ा रहे थे।

उपर्युक्त वाक्य के लिए उचित कारक चिह्न है –

(A) को (B) में

(C) पर (D) ने

II. सही वाक्यांश को जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4

| अ | | ब | |
|---|---|---|---|
| 9. | बड़े भाई | a) | रवींद्रनाथ ठाकुर |
| 10. | सुलेमान | b) | मैथिलीशरण गुप्त |
| 11. | निंदक | c) | खेलकूद |
| 12. | आत्मत्राण | d) | कुरआन |
| | | e) | नेड़ा रखना |
| | | f) | अध्ययनशील |
| | | g) | बाइबिल |

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4

13. विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू को पुलिस क्यों पकड़ लिया ?

14. लेखक की माँ किस समय पेड़ों के पत्ते तोड़ने को मना करती थीं ?

15. कंपनी बाग में रखी तोप को कैसे सम्हाला जाता है ?

16. कवि रवींद्रनाथ ठाकुरजी कविता में किससे प्रार्थना कर रहे हैं ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16**

17. पुलिस ने बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को क्यों घेर लिया था ?

18. तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का राय बताइए।

19. शैलेंद्र के अनुसार कलाकार के कर्तव्य कौन-कौनसे हैं ?

20. कवि कबीर ने दोहे में पंडित के बारे में क्या कहा है ?

21. कवि मैथिलीशरण गुप्त ने कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है ?

22. कंपनीबाग में रखी तोप से क्या सीख मिलती है ?

23. हरिहर काका को ठाकुरबारी के महंत और साधु-संतों पर श्रद्धा क्यों कम हो गई ?

**अथवा**

हरिहर काका अपने परिवार से अलग क्यों रहने लगे ?

24. पीटी साहब की 'शाबाश' फ़ौज के तमगों–सी क्यों लगती थी ?

**अथवा**

टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही ?

V. क) **निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए :** **9 × 3 = 27**

25. हुज़ूर ! यह तो जनशांति भंग हो जाने जैसा कुछ दीख रहा है।

26. समाज के पास अगर शाश्वत मूल्यों जैसा कुछ है तो वह आदर्शवादी लोगों का ही दिया हुआ है।

27. छू न पाए सीता का दामन कोई
राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियो

ख) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

28. बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताओं का परिचय दीजिए।

29. निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे ? विवरण दीजिए।

30. मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप–सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है ? स्पष्ट कीजिए।

31. कवि सुमित्रानंदन पंत के अनुसार शाल के वृक्ष भयभीत क्यों हो गए ? विवरण कीजिए।

32. **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

कहत, नटत, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत, लजियात।

भरे भौन मैं करत हैं नैननु हीं सब बात ।।

33. **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :**

कबीर का जन्म काशी में हुआ। वे गुरु रामानंद के शिष्य थे। इनकी भाषा पूर्वी जनपद की भाषा थी।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** **2 × 4 = 8**

34. वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था, कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

सवार ने कर्नल से कारतूस कैसे हासिल किए ? विवरण दीजिए।

35. **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**

जलते नभ ........... ...................................

.........................................................

.........................................................

............................................. है बादल !

**VII.** 36. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 × 4 = 4**

विश्वकवि कुवेंपु आधुनिक कन्नड साहित्य के श्रेष्ठ कवि हैं। कुवेंपु जी के माता-पिता धार्मिक स्वभाव के थे। अच्छे आचार-विचारों के धनी थे। इसलिए बालक कुवेंपु के मन पर अच्छे संस्कारों का व्यापक प्रभाव पड़ा। आइरिश कवि 'जेम्स कसिन्स' कभी मैसूर आए थे। उनको अपनी अंग्रेजी कविता संग्रह भेंट करने के उद्देश्य से कुवेंपु जी उनसे मिलने गए। उनके अंग्रेजी कविता संग्रह को देखकर

और उनके पोषाक की ओर इशारा करते हुए कसिन्स ने कहा – आपका पहनावा तो स्वदेशी है, मगर कविताएँ स्वदेशी नहीं, कन्नड में कुछ लिखा है तो दिखाइए। इससे प्रभावित होकर कुवेंपु जी मातृभाषा की ओर उन्मुख हुए और कन्नड में कविताएँ लिखने की सिलसिला जारी रखे।

**प्रश्न :**

अ) कुवेंपु के माता – पिता का स्वभाव कैसा था ?

आ) बालक कुवेंपु के मन पर अच्छे संस्कारों का प्रभाव क्यों पड़ा ?

इ) कुवेंपु जी आइरिश कवि जेम्स कसिन्स से क्यों मिलने गए थे ?

ई) कुवेंपु जी कन्नड (मातृभाषा) भाषा की ओर उन्मुख क्यों हो गए ?

**VIII.** 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

क) मोबाइल फ़ोन

* प्रस्तावना
* लाभ
* हानि
* उपसंहार

ख) बढ़ती हुई जनसंख्या

* प्रस्तावना
* कारण
* समस्या और परिहारोपाय
* उपसंहार

ग) पर्यावरण की रक्षा

* प्रस्तावना
* प्रदूषण के कारण
* प्रदूषण से बचने के तंत्र (उपाय)
* उपसंहार

**IX.** **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. अपने भाई की शादी का कारण बताकार, दो दिनों की छुट्टी की विनती करते हुए कक्षा अध्यापक के नाम पत्र लिखिए।

**अथवा**

शैक्षिक यात्रा में भाग लेने के लिए अनुमति पत्र और 5,000/- रुपये माँगते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE